दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 19-09-2026

# नर्मदा कॉलेज में दीप जलाकर सेवा संकल्प अभियान शुरू



नर्मदापुरम| शासकीय नर्मदा कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कॉलेज परिवार ने छात्र सहभागिता के साथ महाविद्यालय के सांस्कृतिक भवन, प्रशासनिक भवन और छात्रावास सहित परिसर में 500 से अधिक दीप प्रज्वलित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. संतोष व्यास रहे। उन्होंने स्वस्तिवाचन के साथ अपने संबोधन में सेवा और संकल्प के महत्व को रेखांकित किया। उनके सानिध्य में प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे, नोडल अधिकारी डॉ. केजी मिश्र और 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सविता गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर अभियान की शुरुआत की। आयोजन में डॉ. अमिता जोशी, डॉ. कमल वाधवा, डॉ. रवि उपाध्याय, डॉ. राजेश दीवान, डॉ. जे. के. कमलपुरिया, डॉ. कल्पना विश्वास, डॉ. ममता गर्ग, डॉ. एनआर अडलक, सहित एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राओं मौजूद रहे।

# नर्मदा महाविद्यालय में दीप प्रज्जवलित कर किया सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय, नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम परिसर में कॉलेज परिवार द्वारा छात्र सहभागिता से दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं कवि, साहित्यकार डॉ संतोष व्यास के सानिध्य में प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे, नोडल अधिकारी डॉ केजी मिश्र आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम की संयोजक डॉ सविता गुप्ता आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संतोष व्यास में स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम को संबोधित किया। महाविद्यालय के सांस्कृतिक भवन, प्रशासनिक भवन छात्रावास आदि भवनों सहित परिसर में 500 से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों का भी सक्रिय सहयोग रहा।

# आशीर्वाद का दीया जलाकर सेवा संकल्प अभियान का किया शुभारंभ



आयोजन के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य। • नवदुनिया

नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय परिसर में कालेज परिवार द्वारा छात्र सहभागिता से दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं कबड्डी की खेल विधा के सशक्त हस्ताक्षर, साहित्यकार डा. संतोष व्यास के सानिध्य में प्राचार्य डा. रामकुमार चौकसे, नोडल अधिकारी डा. केजी मिश्र ने आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम की संयोजक डा. सविता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. संतोष व्यास में स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

महाविद्यालय के सांस्कृतिक भवन, प्रशासनिक भवन छात्रावास आदि भवनों सहित परिसर में 500 से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर डा. अमिता जोशी ,डा. कमल वाधवा, डा. रवि उपाध्याय, डा. राजेश दीवान, डा. जेके कमलपुरिया, डा. कल्पना विश्वास, डा. ममता गर्ग, डा. एनआर अडलक, डा. संतोष अहिरवार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।